# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 200 देहरादून सोमवार 20 जून 2022 livecrimepatrol@gmail.com (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

## सीएम धामी क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी अभियान में हुए शामिल, दिलाई स्वच्छता की शपथ



देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सहस्त्रधारा रोड में दून डिफेंस ड्रीमर्स एवं नगर निगम देहरादून द्वारा आयोजित ड्रीमर्स क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी, यही है मेरा ड्रीम सिटी थीम पर आधारित स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के साथ सड़क पर झाड़ू लगाया व स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी एवं देहरादून को स्वच्छ करने का कार्य समाज सेवा, प्रकृति, पर्यावरण एवं श्रमदान का कार्य है। उन्होंने कहा हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधन एवं सुंदरता आने वाले भविष्य के लिए भी बचे। इसके लिए आज हमें स्वच्छता का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा देहरादून शहर देश के प्रमुख शहरों में से एक है, इसकी स्वच्छता से हम पूरे देश में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संकेत दे सकते हैं। शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता से ही पर्यटक में शहर के प्रति अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने देहरादून शहर को पूरी तरह क्लीन एवं ग्रीन रखने की बात कहते हुए स्वच्छता को सहभागिता से किया जाने वाला कार्य बताया। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति के योगदान से ही स्वच्छता संभव हो सकती है। उन्होंने युवाओं से विशेष तौर पर स्वच्छता जैसे कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जुड़ने का आग्रह किया. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वप्रथम स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वयं झाडू पकड़ देश को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छ भारत अभियान एक आंदोलन के रूप में पूरे भारत में उभरा, जिसके अंतर्गत तमाम योजनाओं का संचालन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में 10 लाख नौकरी दिए जाने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें उत्तराखंड राज्य को आने वाले समय में स्वच्छता के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है, जिसके लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में क्लीन दून, ग्रीन दून पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा देहरादून को सुंदर एवं स्वच्छ रखे जाने के कार्य में नगर निगम का मुख्यमंत्री धामी द्वारा हमेशा पूर्ण रूप से सहयोग किया है। उन्होंने कहा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य को स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर–1 बनेगा।

## काशीपुर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया



काशीपुर, नगर संवाददाता। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने काशीपुर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते कार्यों कोससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने फ्लाईओवर के नीचे दोनों तरफ जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि बरसात में जल भराव की स्थिति न बने। उन्होने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईओवर के आस–पास एकत्रित हुए जल के निकासी की शीघ्र व्यवस्था करें ताकि एकत्रित हुए गन्दे पानी से किसी भी प्रकार का कोई संक्रमण न फैल सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यादि कार्यदायी संस्था एक सप्ताह में एकत्रित हुए गन्दे पानी की निकासी नही की जाती है तो कार्यदायी संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल मे लाई जाये। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के आस–पास फड़–ठेली आदि को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। उन्होने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित कर उनपे वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं शहर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए हर आवश्यक कार्यवाही की जाये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील, एएसपी कार्यालय व पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने तहसील का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख रखाव की भी जांच की। उन्होने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि तहसील व उपजिलाधिकारी कार्यालयों पत्रावलियों का रख–रखाव बेहरत ढंग से करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार प्रस्ताव बना कर प्रस्तुत करें ताकि कार्यालय, पार्किंग एवं कार्मिकों के लिए आवास की समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जा सके।

## हाई एल्टीट्यूड पर्वत शिखरों को पार कर सफलता पूर्वक केदारनाथ पहुंचा दल

देहरादून, नगर संवाददता। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) की ओर से नेहरु पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के सहयोग से आयोजित हाई एल्टीट्यूड गाइड कोर्स के तहत युवक–युवतियों का दल हाई एल्टीट्यूड पर्वत शिखरों को पार कर सफलता पूर्वक केदारनाथ पहुंच गया है। दल ने लगभग 5500 मीटर ऊंचाई वाले मायाली पास ओडेन कोल को पार कर केदारनाथ के ऊपर बासुकीताल के पास पहुंचने में सफलता हासिल की है। यूटीडीबी की चयन समिति की ओर से चयनित प्रतिभागियों को नेहरु पर्वतारोण संस्थान के विशेषज्ञों की ओर से पहाड़ चढ़ने की बारीकियां सिखाई गई हैं। यूटीडीबी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (साहसिक पर्यटन) कर्नल अश्विनी पुंडीर ने बताया कि 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 13 युवक, 04 युवतियां, 05 प्रशिक्षक और 16 पोर्टर समेत चिकित्सकों व तकनीकी टीम शामिल है। दल सफलता पूर्वक बासुकीताल के पास पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। सभी प्रतिभागी गंगोत्री से रुद्रगंगा, ओडेनकाल, खतलिंग ग्लेशियर, वासुकीताल दर्रे को पार करके श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। इसी बीच प्रतिभागी नेहरु पर्वतारोहण संस्थान के विशेषज्ञों से ग्लेशियर में चलना व पड़ावों को पार करने में आने वाले जोखिमों से निपटने के गुर भी सिखाए।

## छोटी-छोटी खबरें

### स्पीकर खंडूड़ी महिला विधायक सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार द्वारा धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित तीन दिवसीय महिला विधायक सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रीय महिला आयोग एवं लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में 22 से 24 जून तक धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए अखिल भारतीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शी इज ए चेंजमेकर के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा पहले चरण में हिमांचल प्रदेश सहित उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली राज्यों की महिला विधायकों के लिए तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण 22 जून को धर्मशाला में होने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

### एक जुलाई को दून में निकलेगी 25वीं जगन्नाथ रथ यात्रा

देहरादून। आगामी 1 जुलाई को निकलने वाली जगन्नाथ जी गुडिंचा 25वीं रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें देहरादून की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। पंडित सुभाष चंद्र सतपति ने बैठक में आए हुए सदस्यों की सर्वसम्मति से रथ यात्रा के संयोजक के रूप में पृथ्वीनाथ महादेव सेवादल के संजय कुमार गर्ग का चयन किया। उन्हें मुख्य संचालन की सेवा भी सेवा दल को प्रदान की। इस वर्ष भगवान श्री श्री जगन्नाथ जी की 25 वीं रथ यात्रा 1 जुलाई को श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर किशन नगर चौक राधे कृष्ण मंदिर पहुंचेगी। जो प्रतीक रुप में श्री श्री जगन्नाथ की मौसी का घर कहा जाता है। वहां प्रभु के स्वरूप की पूजा अर्चना व आरती होगी। इसके पश्चात यात्रा घंटाघर से घूम कर वापस श्री राम मंदिर दीप लोक पहुंचेगी। कुछ अन्य परम्पराओं को पूरा कर मंदिर प्रांगण में महाप्रसाद भोग का भंडारा होगा। मौके पर श्री शनि सेना, महाकाल के दीवाने, श्री श्याम प्रेमी, श्री शाकंभरी सेवा समिति, अग्रवाल समाज, देव ब्राह्मण समिति, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, श्याम सुंदर मंदिर, भवन कालिका मंदिर समेत श्रीराम मंदिर समिति अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मंत्री अनिल बांगा, सूर्यकांत धस्माना, मंत्री उत्सव मंत्री जेएस चुग, डा.कृष्ण अवतार, सीमा अवतार, सुनील कुमार अग्रवाल, बालेश कुमार गुप्ता, एलडी आहूजा, मदन लाल अरोड़ा, नारायण दास, आरके गुप्ता, एसके गांधी, एसके गुप्ता, बीना बिष्ट, मीनाक्षी गोदियाल, निवेदिता पांडा, बेनी माधव त्रिपाठी, संजय कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला-बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज- 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# चिलचिलाती गर्मी से बेहाल जनता को काव्या ट्रस्ट ने शरबत पिला कर दी राहत



देहरादून, नगर संवाददाता। चिलचिलाती गर्मी से परेशान प्यासे राहगीरों को काव्य ट्रस्ट देहरादून उत्तराखंड के द्वारा पटेलनगर क्षेत्र में प्रसाद स्वरूप छबील लगाकर ठंडा शरबत का वितरण किया गया। शर्बत पिलाने वाले काव्या ट्रस्ट देहरादून उत्तराखंड के आयोजकों को राहगीरों ने आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी।

पटेलनगर थाना क्षेत्र में काव्या ट्रस्ट देहरादून द्वारा प्रसाद स्वरूप शरबत वितरण किया गया। वहीं संस्थापक अध्यक्ष वरुण छाबड़ा ने कहा जो लोग सक्षम हैं उन्हें भी आकर आकर सामाजिक कार्य करने चाहिए। इस समय के हालात को देखते हुए जगह–जगह छबील लगानी चाहिए ताकि राहगीरों को शरबत पिलाकर कुछ राहत प्रदान की जाए। वही मिनाक्षी कश्यप ने कहा इस बार बेतहाशा गर्मी पड़ रही है, आगे भी हमारे काव्या ट्रस्ट द्वारा समय–समय पर छबील लगाकर लोगों को गर्मी से राहत दी जाती रहेगी। वहीं आने वाले समय में हमारे ही काव्या ट्रस्ट द्वारा वृक्षारोपण की भी योजना है ताकि पृथ्वी को हरा भरा बनाने में सहयोग किया जा सके। आयोजन में मीनाक्षी कश्यप, राजकुमार छाबड़ा सहित अनेक लोगों ने अपना सहयोग दिया। नवीन टुटेजा, हिमांशु, राज, यश, शिल्पी, पूनम अग्रवाल सहयोग में उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन, मरीजों को फल बांटे



देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तराखण्ड प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस को सादगीपूर्ण ढंग से मनाते हुए कांग्रेसजनों द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन करने के साथ ही चिकित्सालयों में मरीजों को फल वितरित किए। इसी कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, देहरादून में गुरू रामराय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों डॉ0 प्रीति, डॉ0 मोहित चावला एवं चिकित्साकर्मी पंकज पुरोहित एवं नवीन शुक्ला की देखरेख में निःशुल्क रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री डॉ0 जसविन्दर सिंह गोगी ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी जी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि उनके जन्म दिन पर किसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित न किया जाय।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

नगर संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं डीडी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव शाखा राजकीय इंटर कॉलेज खुडबुडा देहरादून में चल रहे सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने विभिन्न असान सीखे और स्वास्थ्य लाभ के गुर जाने। इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्रों ने सात दिन में ग्रहण किए गए योगा ज्ञान व अन्य क्षेत्रों में अर्जित ज्ञान को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। सभी छात्रों को मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध आयुर्वेदा एक्सपर्ट एवं हेल्थ एंड लाइफ़स्टाइल गुरु, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजीव कुरेले ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया,



इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजीव कुरेले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बच्चों के लिए योग की उपादेयता एवं योग से होने वाले लाभों के बारे में सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा योग जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए योगाचार्य हरमिंदर सिंह, डॉ दीपिका जोशी, डॉ नवीन चंद्र जोशी, डॉ अमित सुमन चिनवान, सोनिया, श्वेता नंद, और मेघा डॉ. अमित तमदड्डी आदि को योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

सातवें दिन के योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ डीडी कॉलेज योग डिपार्टमेंट प्रमुख दीपिका जोशी, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजीव कुरेले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव शाखा रामनगर देहरादून शाखा कारवां वीरेंद्र गोयल और योगाचार्य स्वामी सुनील शास्त्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर योगाचार्य डॉ दीपिका जोशी के निर्देशन में बच्चों को योग के प्रारंभिक आसनों और प्राणायामों से अवगत कराया गया। सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भस्त्रिका प्राणायाम, हास्य आसन, कपाल भाति, ताली वादन, अनुलोम–विलोम आदि प्राणायम पर बच्चों ने आश्चर्यजनक प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजीव कुरेले कहा कि आज के भागदौड़ भरे माहौल में स्वास्थ, खुशहाल जीवन व प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने को आमजन के लिए योग व प्रकृति से जुड़ना जरूरी हो गया है। तनावमुक्त जीवन के लिए भी सभी को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए और सम्यक आहार–विहार और सदाचारयुक्त जीवनशैली धारण करना चाहिए। इनके माध्यम से हम विभिन्न प्रकार की बुराइयों को दूर कर बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और फिट रहना अनिवार्य है। ताकि वे समाज की मदद कर सकें और देश की प्रगति में भी और सख्ती से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन कला के साथ–साथ एक विज्ञान है जिसका प्रवर्तन महर्षि पतंजलि ने योग दर्शन के माध्यम से अष्टांग योग के रूप में किया है जिसकी उत्पत्ति लगभग 5 हजार साल पहले भारत में हुई थी। श्योगश शब्द संस्कृत के श्युजश धातु से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना। योग एक विज्ञान है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग और प्राणायाम के अभ्यास से हम अपनी भावनाओं, मानसिक और शारीरिक स्तरों के बीच के आंतरिक संबंध से अवगत हो जाते हैं। योग का अंतिम लक्ष्य आपके शरीर में शारीरिक, इंद्रियिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक स्तर को एक साथ मिलाना है। यह अष्टांग योग–५यम, 5 नियम , आसन, प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य, प्रसंता एवं आनंद को देने वाला है इससे हमारी माइंड एंड बॉडी का बैलेंस स्थापित होता है शरीर के सभी अंग प्रत्यंग विधिवत रूप से सही प्रकार से कार्य करते हैं तथा शरीर के सभी दोष, धातु, मल, अंग, प्रत्यंग, हार्मोन न्यूरोट्रांसमीटर इत्यादि के मध्य में सामंजस्य (बैलेंस) स्थापित होता है योग का धैर्य निरंतरता के साथ इसके सतत योगाभ्यास से संपूर्ण आरोग्य एवं बल की प्राप्ति होती है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संगठन मंत्री हरिशंकर सिंह ने कहा कि इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य योग को जमीनी स्तर पर ले जाना और लोगों को इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था, इस योग शिविर में बच्चों से भिन्न–भिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्य करवाये गए।



# नैनी झील में मिला लापता नाबालिग का शव

नैनीताल, नगर संवाददाता। 16 जून की रात घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता नाबालिग लड़की का शव नैनी झील में मिला है। लड़की का शव मॉर्निंग वॉक कर रहे स्थानीय लोगों झील में देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना मल्लीताल कोतवाली पुलिस को दी. मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने झील से शव का रेस्क्यू किया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले के अनुसार, नारायण नगर निवासी नाबालिग लड़की 16 जून को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इसके बाद नाबालिग के परिजनों ने गुमशुदगी को लेकर मल्लीताल कोतवाली में तहरीर दी। परिजनों की तहरीर पर मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो नाबालिग ठंडी सड़क की तरफ जाती दिखाई दी। लेकिन इसके बाद लड़की का कहीं पता नहीं चल पाया। वहीं, लड़की के परिजनों ने तहरीर में बताया कि एक अज्ञात युवक बेटी को फोन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिस वजह से उनकी बेटी घर से बिना बताए चली गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर एक युवक समेत चार अन्य छात्राओं से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि सबूत जुटाए जा रहे हैं, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# चेन स्नेचिंग और लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



देहरादून, नगर संवाददाता। ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुजुर्ग से चेन स्नेचिंग, लड़की से छेड़छाड़ और दोपहिया वाहन चोरी के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसओजी देहात की टीम ने बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लूटी गई चेन, एक स्कूटी और एक बाइक बरामद की गई है। आरोपी पहले भी चोरी, मारपीट और अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप में जेल की हवा खा चुका है।

सीओ डीसी ढौंडियाल ने बताया कि कुछ दिनों पहले गीतानगर के पास एक बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बदमाश की पहचान हैप्पी निवासी वाल्मीकि बस्ती ऋषिकेश के रूप में की गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए अलग–अलग 3 टीमों का गठन किया गया साथ ही एसओजी देहात की मदद भी ली गई। शनिवार की देर शाम पुलिस ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया जब वह चोरी की बाइक पर बैठकर रायवाला थाना क्षेत्र में नई वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी ने कुछ दिनों पहले एक ट्यूशन जा रही लड़की का हाथ पकड़कर उससे छेड़छाड़ करने की कोशिश भी की। इसके अलावा कोयलघाटी ऋषिकेश में खड़ी एक स्कूटी भी चोरी की. डीसी ढौंडियाल ने कहा कि आरोपी पहले भी चोरी, मारपीट और अवैध हथियार रखने के आरोप में जेल जा चुका है। डीसी ढौंडियाल के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने खुद को नशे का आदी बताया है। नशे की लत को पूरा करने के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देने का जुर्म भी कबूल किया है। सीओ ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

# गंगा पुल के नीचे अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

हरिद्वार, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। कनखल थाना स्थित बैरागी कैंप क्षेत्र में गंगा पुल के नीचे रविवार दोपहर अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। किसी व्यक्ति का गंगा किनारे शव मिलने की लोगों ने तत्काल ही इसकी जानकारी कनखल थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में भिजवा दिया है। कनखल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर डेढ़ बजे सूचना मिली की बैरागी कैंप क्षेत्र से कनखल को जोड़ने वाले पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लावारिस शव की आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश की। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र भी नहीं मिल पाया, जिससे उसकी पहचान हो सके।. पुलिस ने शव का पंचनामा भर जिला चिकित्सालय भिजवा दिया है। अब अगर 3 दिन में शव की शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

# 6 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिद्वार, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। लक्सर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 6.73 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने के मुताबिक आरोपी मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसके जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह स्मैक को स्कूली छात्रों को महंगे दामों पर बेचता था, जिसके खिलाफ पहले भी चोरी जैसे मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को फूलगढ़ गांव जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है।

# उत्तराखंड का बेटा अंकित बलूनी बना फाइटर पायलट



देहरादून, नगर संवाददाता। मूल रूप से जनपद टिहरी गढ़वाल के किलकिलेश्वर चौरास के रहने वाले अंकित बलूनी एअरफोर्स अकादमी हेदराबाद से पास आउट होकर भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट बन गए हैं। अंकित बलूनी के पिता चन्द्रमोहन बलूनी सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं तथा माता सीमा बलूनी गृहणी हैं। अंकित की प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई तथा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उन्होंने ऋषिकेश से किया। वर्तमान में उनका परिवार हरिद्वार में रहता है। अंकित का चयन सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के माध्यम से हुआ था। वे बचपन से ही देशसेवा करना चाहते थे।

# स्पीकर ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ठ योगदान देने वालों को किया सम्मानित

देहरादून, नगर संवाददाता। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस श्रृंखला के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुजुर्गों की स्वतंत्रता को बनाए रखने से उनके सशक्तिकरण और आत्मसम्मान को बढ़ावा मिलेगा। जब वृद्ध सामाजिक और पारिवारिक सम्पर्क के बिना अकेले रहते हैं तो यह उनके जीवन के लिए बड़ा जोखिम है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा नहीं देंगे तब तक बुजुर्गों की उपेक्षा होती रहेगी।उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में शोध भी किए जा रहे हैं जिसे देखते हुए पाश्चात्य संस्कृति के अनुरूप शिक्षा पद्धति को अधिकांश देशों में छोड़ना शुरू कर दिया है।विधानसभा अध्यक्ष ने वरिष्ठ नागरिकों को दिशा देते हुए बताया कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हम अपने परिवार में ही मित्रता का भाव उत्पन्न करेंगे साथ ही भारतीय परंपरा के अनुसार मनाए जाने वाले सभी पर्वों को परिवार एक साथ मनाए जिससे उनमें अपने संस्कारों का बोध हो सकेद्य आधुनिकता की चकाचौंध में हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को दरकिनार नहीं करना चाहिए। युवा पीढ़ी में संस्कार, नैतिकता व शिष्टाचार की कमी न हो, इसके लिए हमें स्वयं से ही शुरुआत करनी होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समाज में जैसे–जैसे इंटरनेट व सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ रहा है वैसे–वैसे हम नैतिकता को भूल रहे हैं। सोशल मीडिया का प्रयोग गलत नहीं है। यह हमारे ज्ञान के स्तर को बढ़ाता है, लेकिन आज अपने संस्कारों को भूल रहे हैं। आजकल बच्चे बड़ों का आदर करना भूल रहे हैं। हमें आधुनिक बनना चाहिए, लेकिन अपने संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होने कहा की वरिष्ठ नागरिकों के जीवन के अनुभव से लाभ लेकर समाज में अच्छे कार्य किए जा सकते हैं स विधानसभा अध्यक्ष ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की सराहना करते हुए कहा कि समाज में अच्छे कार्य करने के लिए उम्र कभी भी बाधा नहीं रहती और सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज हित में निरंतर कार्य किए जा सकते हैं। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष डा. अतुल जोशी, प्रदेश महासचिव के. के. ओबराय, उपाध्यक्ष कर्नल ए. आर. मनहास, अवतार कृष्ण,एस.पी. कौचर, राकेश ओबराय, मनोहर लाल जुयाल, ब्रिगेडियर के. जी. बहल, डॉ.एस. फारूख, के.एच. जैदी, पी डी जुयाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चेन स्नेचिंग की घटना का 24 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



काशीपुर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। उधम सिंह नगर जनपद के काशीपुर में पुलिस ने बीते रोज वृद्धा के साथ हुई चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पास से पुलिस ने एक–एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस को यह कामयाबी 30 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिली है। बता दें, बीते रोज प्रेमरानी भवन गिरीताल निवासी मनीष श्रीवास्तव की मां सुबह पूजा करने के जा रही थीं। इसी बीच एक व्यक्ति ने उन्हें जोर से धक्का दिया और गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने घटनास्थल व उसके आसपास के करीब 30 सीसीटीवी कैमरे खंगाले. पुलिस ने बलदेव सिंह पुत्र हीरा सिंह (निवासी वार्ड नंबर–2 दुर्गा कॉलोनी थाना आईटीआई) और सुरजीत कुमार मिस्त्री पुत्र अनिल कुमार मिस्त्री (निवासी सैनिक कॉलोनी नीझड़ा फार्म थाना आईटीआई को गिरफ्तार) कर लिया है। पुलिस ने सुरजीत कुमार व बलदेव सिंह से लूटी हुई सोने की चौन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक–एक चाकू भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से स्मैक के आदि हैं. अपने नशे की लत को पूरा करने के लिये वह जेब खर्चे के लिये छिनौती व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं. इससे पहले भी दोनों आरोपी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

# तीन किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। सेलाकुई थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान 3 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। साथ ही उसका एक्टिवा भी जब्त कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। देहरादून जिले में वर्तमान समय में ड्रग्स जन जागरूकता अभियान गतिमान है। जिस पर जन जागरूकता के लिए थाना क्षेत्र में विक्रम स्टैंड, पब्लिक पैलेस एवं नुक्कड़ सभा की जा रही है। इसी दौरान थानाध्यक्ष थाना सेलाकुई को सूचनाएं मिली कि सेलाकुई एवं आसपास के क्षेत्र में गांजा तस्करी की जा रही है। सूचना पर थानाध्यक्ष सेलाकुई ने पुलिस टीम का गठन कर संदिग्धो की तलाशी और चेकिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गठित पुलिस टीम ने रात्रि में जगह–जगह पर नशा तस्करों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिस पर शिव नगर बस्ती में एक्टिवा से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी रोशन साहनी को रोककर चेक किया तो उसके कब्जे से 3 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कहा वह मूल रूप से बिहार का निवासी है, जो मलिन बस्तियों में रहते हैं। बस्ती के लोग बिहार से गांजा की तस्करी करते और बिहार से गांजा लेकर उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में अपनी जान पहचान के लोगों को बेच देते हैं। जिससे आरोपी को अच्छी कमाई हो जाती है। आरोपी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में मजदूरों, कंपनी वर्करों और छात्रों को बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने कहा आरोपी के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# अग्निपथ को लेकर युवाओं के बजाय कांग्रेस बेचैनः चौहान



देहरादून, नगर संवाददाता। भाजपा ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भ्रम फैलाकर आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर रही है और युवाओ को बेचैन् बता रही है। जबकि सच्चाई यह है की वह खुद बेचैन है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के बेहतर भविष्य को लेकर इस योजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने अग्निवीरों की सेवा निवृत्ति के बाद भी उनके लिए सेवा का प्रावधान किया है। रक्षा मंत्रालय और अर्ध सैन्यबल के अलावा रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में उनके लिए 10 प्रतिशत आरक्षण किया गया है। 4 साल सेवा करने वालों को आयु सीमा में 3 साल की छूट तथा पहले बैच को 5 साल की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को सेवा के साथ बेहतर कैरियर का विकल्प दिया गया है,लेकिन विपक्ष इसके बेहतर पक्ष के बजाय नकारात्मक पहलू सामने रखकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत के सैन्यधाम धाम से पद यात्रा को भी राजनैतिक नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस कभी राहुल गाँधी को ईडी के समन पर कांग्रेस प्रदेश भर मे धरना प्रदर्शन कर रही है तो कभी युवाओ की बेचौनी बताकर अपनी बेचैनी छिपाने वाली कांग्रेस अवसर तलाश रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी कांग्रेस ने यही भूमिका अदा की। देश और प्रदेश का युवा संवेदनशील और परिपक्व है और जल्द ही असली तस्वीर सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओ को इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलू को समझने की जरुरत है और केंद्र सरकार इसे लेकर सभी कदम उठा रही है।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, नौ वाहन सीज, पांच लाख का जुर्माना

देहरादून, नगर संवाददाता। सीएम के निर्देश के बाद चल रहे अभियान के तहत सभी एसडीएम लगातार अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। जिसके तहत राजस्व और खनन विभाग ने विकासनगर क्षेत्र में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई की। मामले में राजस्व और खनन विभाग ने 9 ट्रक और डंपर को सीज किया है। विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत तहसीलदार विकासनगर सोहन सिंह रांगड़ और जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व और खनन विभाग ने अवैध खनन और खनन के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 7 ट्रक और 2 डंपरों को सीज किया गया। जिनमें 2 वाहन बिना रवन्ना तथा 7 वाहन क्षमता से अधिक उपखनिज से भरे पाए जाने के बाद वाहनों को सीज किया गया। साथ ही 5 लाख के अर्थदण्ड की कार्रवाई भी की गई। जिलाधिकारी आर राजेश कुमार ने बताया अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

## संपादकीय..............

# नशा तस्करों पर कसा शिकंजा

नशे के इंजेक्शनों की खेप के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। औषधि निरीक्षक भी कार्रवाई के दौरान उपस्थित रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। ज्वालापुर कोतवाल महेश जोशी के मुताबिक क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जब वह 40वीं वाहिनी पीएसी गेट के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी की दो व्यक्ति काले रंग की स्कूटी पर नशे के इंजेक्शन बड़ी संख्या में लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती को मौके पर बुलाया और इसके बाद पुलिस टीम त्रिमूर्तिनगर तिराहे पर पहुंची। इस बीच वाल्मीकि बस्ती की ओर से एक स्कूटी पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर आरोपी स्कूटी को वापस मोड़कर भागने लगे तो पुलिसकर्मियों ने पीछा कर आरोपियों के गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उनकी तलाश ली गई तो उनके पास से नशीले अवैध इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं और रुड़की से इंजेक्शन खरीदकर लाए थे। इसके साथ ही खर्चा चलाने के लिए इंजेक्शनों को बेचते भी है। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती ने इंजेक्शनों की जांच की तो वह नशीले निकले। आरोपियों ने अपने नाम सहदुल्ला निवासी मौहल्ला पांवधोई ज्वालापुर और हारुन उर्फ छोटा निवासी ईदगाह रोड निकट आई मैक्स हास्पिटल बताया। मौके पर मौजूद ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती के द्वारा मौके पर बरामद माल की शिनाख्त कर और पूर्ण विवरण तैयार कर पुलिस कर्मियों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल महेश जोशी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं, मोहल्ला कड़च्छ में आंबेडकर चौक के पास पुलिस ने एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी करते पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम बीरेश कुमार निवासी गांव विस्वा जिला सीतापुर यूपी हाल निवासी बड़ा रविदास मंदिर के पास बताया। उसके पास से पुलिसकर्मियों को 2720 रुपये, सट्टा पर्ची व पेन भी बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## बच्चों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा योग्य बनाने के लिए सरकारी शिक्षा में एक और बड़ी पहल

देहरादून, नगर संवाददाता। आन्ध्र प्रदेश सरकार ने एड–टेक कंपनी बायजूस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया है। इस समझौते का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में चौथी कक्षा से लेकर 10 वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता–अभिमुख कंटेंट (पठन–सामग्री) प्रदान करना है। इसके अलावा सरकार 8वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को टैब्स (जंइसमजे) प्रदान करेगी जिस पर 500 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि, "इससे अनेक गरीब बच्चों के जीवन में बदलाव आयेगा। यह प्रोजेक्ट सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन देना है जिससे कि वे 10वीं और 12वीं की सीबीएसई (ब्ठैम्) परीक्षाएँ अच्छे अंकों के साथ पास कर सकें। यह हम सभी का सपना है और इस समझौते से इसमें काफी ताकत मिलेगी।" उन्होंने आगे कहा कि विजुअल प्रेजेंटेशन और कंटेंट में सुधार का कार्य सरकारी स्कूलों में 4थी से 10वीं कक्षा से आरम्भ होगी। मुख्यमंत्री ने आगे यह भी कहा कि, "प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को उपलब्ध कंटेंट और उच्च स्तरीय कंटेंट को सब्सक्राइब करने की लागत लगभग 20 हज़ार से 25 हज़ार रूपये सालाना होगी। अब यह सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इसके अलावा, सरकार टैब्स भी दे रही है ताकि बच्चों को डिजिटल अनुभव और डिजिटल ज्ञान प्राप्त हो सके। टीचर्स को भी यथोचित ओरिएंटेशन दिया जाएगा ताकि वे भी अपने हिस्से की भूमिका अच्छी तरह निभा सकें।" उन्होंने सरकार के साथ साझेदारी करके शिक्षा प्रणाली को बेहतर करने की दिशा में बायजूस द्वारा उठाये गए कदम के लिए धन्यवाद भी दिया। बायजूस के सीईओ, बायजू रविन्द्रन के कहा कि, "कुछ दिन पहले हमारी मीटिंग हुई थी और अब हम समझौता ज्ञापन पर दस्तखत कर रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश सरकार किसी स्टार्टअप से भी तेज चल रही है। किसी सरकार का इस स्पीड से आगे बढ़ना प्रशंसनीय भी है और अविश्वसनीय भी। हमें मिले इस अवसर के लिए मैं रोमांचित हूँ, कि अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी वही गुणवत्त्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी जो प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों को मिल रही है।"

## 20 सदस्यीय महिला पर्वतारोहण दल निजमुला घाटी पहुंचा



गोपेश्वर, नगर संवाददाता। एवरेस्ट विजेता बछेंद्री पाल के नेतृत्व में ट्रांस हिमालय महिला पर्वतारोहण अभियान दल लार्ड कर्जन रोड से होते हुए रविवार को निजमुला घाटी में पहुंचा। झींझी और पाणा गांव में इस 20 सदस्यीय महिला दल का ग्रामीणों ने फूल–मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। रात्रि प्रवास के लिए दल पाणा गांव पहुंचा। यह दल सोमवार को क्वांरीपास ट्रेक पर निकलेगा। 90 दिनों की यात्रा पर निकले महिला ट्रेकरों के इस दल ने आठ मार्च को नेपाल के पंगसू पास और बर्मा बॉर्डर से अपना अभियान शुरू किया था। दल नौ जून को बनबसा चंपावत से कपकोट के बदियाकोट होते हुए लार्ड कर्जन रोड से चमोली जनपद के नंदानगर विकासखंड में पहुंचा। इस 20 सदस्यीय दल का नेतृत्व एवरेस्ट विजेता बछेंद्री पाल कर रही हैं। लगभग 4977 किलोमीटर लंबे ट्रांस हिमालय अभियान 2022 के दौरान दल बेहद कठिन और लंबी दूरी की चढ़ाई वाले ट्रेक पर ट्रेकिंग कर रहा है। टीम की सदस्यों ने स्थानीय ग्रामीणों को बताया कि आगामी अगस्त माह में दल कारगिल के द्रास सेक्टर में अपना अभियान पूरा करेगा। टीम में अधिकांश 50 से 68 साल के महिला ट्रेकर शामिल हैं। टीम की सदस्य सीमा बिस्सा ने लोगों को बताया कि टीम दो माह बाद नेपाल से कठिन बाधाओं को पार कर जब भारत की सरजमीं पर पहुंची तो कई सदस्य भावुक हो उठे।

## आत्मनिर्भर बन रहा है भारतः केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह



देहरादून, नगर संवाददाता। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आज कार्यकर्ताओं के साथ परिचय बैठक में केंद्रीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में,आत्मनिर्भर बन रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में 80 करोड़ लोगों को राशन तथा 200 करोड़ लोगों को वैक्सीन मुफ्त देने के बाद भी भारत के आत्मनिर्भर बनने की पहचान इसके बजट साइज़ से भी दिखाई देती है जो 2014 में 16 पॉइंट 5 लाख करोड़ था और अब 22–23 में 37 पॉइंट 5 लाख करोड़ रुपए हो गया है इसी तरह से 2014 का राजस्व 11 लाख करोड़ बढ़कर अब 32 लाख करोड़ हो गया है निर्यात की अगर बात करें तो 2014 में 19 लाख करोड़ था जो अब 52 लाख करोड़ पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के समय विदेशी मुद्रा कोष खाली होने और सोना गिरवी रखने का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारा 2014 में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट यानी एफडीआई 36 बिलियन डालर से बढ़कर अब 85 बिलियन डॉलर हो गया है प्रधानमंत्री मोदी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के कारण यह स्थिति बनी है। मंत्री ने मनरेगा के आंकड़े देते हुए कहा कि 2014 में इसका बजट 33 हजार करोड़ रुपए था जो हमारे प्रयास से बढ़कर अब एक लाख करोड़ हो चुका है इसी प्रकार इंदिरा आवास योजना में 29 साल में तीन करोड़ 25 लाख आवास निर्मित हुए जबकि प्रधानमंत्री मोदी के 8 साल के कार्यकाल में तीन करोड़ 10 लाख मकान दिए जा चुके हैं और लाखों अभी पाइपलाइन में हैं। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि वे अपने स्वभाव के अनुरूप ही दहाड़ते हैं और पिछले चुनाव में इन्होंने इकोसिस्टम द्वारा खड़े किए गए कागजी शेर कन्हैया कुमार को बड़े भारी अंतर से पटकनी दी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड गणेश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र भसीन, अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान व महानगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को सीएम ने किया सम्मानित

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को आई.आर.डी.टी ऑडिटोरियम में आयोजित उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के द्वितीय प्रांतीय सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को उत्तराखण्ड पत्रकार यूनियन देवभूमि रत्न अवार्ड से सम्मानित किया तथा उत्तराखंड पत्रकार यूनियन की स्मारिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार को पत्रकारों को दी जाने वाली पेंशन से सम्बन्धित नियमों को सरल बनाये जाने के निर्देश देते हुए प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकार कल्याण कोष के अधीन दी जाने वाली पत्रकार पेंशन की धनराशि 5000 से बढ़ाकर 8000 किए जाने एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से देहरादून आने वाले पत्रकारों को पूर्व की भांति सूचना विभाग द्वारा आवास व्यवस्था किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे मीडिया से जुड़े अधिकांश पत्रकार भाइयों से परिचित हैं। पत्रकारिता का छात्र होने के नाते वे पत्रकारिता क्षेत्र की समस्याओं से भी परिचित हैं। आज समय के साथ पत्रकारिता के आयाम बदले हैं। पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि निडर, निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकारिता का समाज में अहम योगदान रहता है। एक पत्रकार हमेशा समाज को शिक्षा देने के साथ दिशा देने का भी कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा की जनता एवं सरकार के बीच में संवाद कायम कर, सरकार एवं प्रशासन के सामने जनता की समस्याओं को सामने लाकर पत्रकार हमेशा ही अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही संवाद का माध्यम बनकर विकास में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने सभी पत्रकारों से हमेशा साफ–सुथरी एवं निर्भीक निष्पक्ष निडर पत्रकारिता के साथ चलने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि कलम की ताकत हमेशा ही अन्य ताकतों पर भारी रहती है।



इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में आने से पहले वे भी पत्रकार रहे हैं। यह संयोग ही है कि उन्हें आज पत्रकारों के साथ सहयोगी के रूप में कार्य करने का भी अवसर मिला है। उन्होंने पत्रकारों से सकरात्मक एवं तथ्यात्मक रूप से जो कमियां उन्हें दिखाई दे उससे अवगत कराने तथा समाजहित से जुड़े कार्यों के प्रचार प्रसार में सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम में उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनमीत रावत, प्रदेश महामंत्री हरीश जोशी, विकास धूलिया, नवीन थलेड़ी, अशोक पाण्डे, सहित मीडिया से जुड़े तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## योग दिवस पूर्वाभ्यास किया गया



टिहरी, नगर संवाददाता। आयुष हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र नरेंद्रनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून हेतु पूर्व की भांति योग दिवस पूर्वाभ्यास किया गया। नोडल अधिकारी योग दिवस नगर पालिका हॉल नरेंद्रनगर डॉ. मीनाक्षी किथोरिया ने बताया कि योग दिवस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जनमानस ने प्रतिभाग कर योग शिविर का लाभ उठाया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका आकांशा रतूड़ी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र, चिकित्साधिकारी डॉ वंदना डंगवाल, चीफ फर्मासिस्ट दिनेश चंद्र सती, फर्मासिस्ट कैलाश प्रसाद भट्ट, स्टाफ नर्स आरती पुरसोढा, शशिबाला असवाल, पंचकर्मा टेक्नीशियन पूजा बहुगुणा, सतीश चंद्र सहित द्वारिका प्रसाद जोशी, आशा देवी, भुवनसेश्वरी देवी, शमा शर्मा, नीलम जोशी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार राजकीय इण्टर कॉलेज गजा में भी योग दिवस पूर्वाभ्यास किया गया। नोडल अधिकारी योग दिवस रा.इ.का. गजा डॉ. भास्कर आनन्द ने बताया कि योग दिवस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में मीना खाती, राजेन्द्र खाती, डीपी उनियाल, सिम्मी खाती, मान यिंह गजेन्द्र खाती, अनिता खाती, वंशिका खाती, राम सिंह नेगी, धमेन्द्र गुसांई सहित योग प्रशिक्षक अजय राणाकोटी, सहयोगी डॉ. राम मणी दूबे मौजूद रहे।

## मंदाकिनी नदी में मिला लापता तीर्थयात्री का शव



रुद्रप्रयाग, नगर संवाददाता। केदारनाथ यात्रा के दौरान गौरीकुंड के पास यात्री खाई में गिर गया था। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बीती रात के अंधेरे में सर्च अभियान चलाते हुए यात्री की खोज की। लेकिन यात्री का कहीं पता नहीं चल पाया। इस दौरान सर्च टीम को मंदाकिनी नदी में शव दिखाई दिया, जिसका एसडीआरएफ ने रेस्क्यू करने के बाद शव पुलिस के सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात एसडीआरएफ को सूचना मिली कि गौरीकुंड के पास एक व्यक्ति खाई में गिर गया है। सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ चौकी सोनप्रयाग से इंस्पेक्टर अनिरुद्ध भंडारी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। रेस्क्यू टीम की ओर से रात को विषम परिस्थितियों में घटनास्थल पर गहन सर्चिंग की गई, मगर उक्त व्यक्ति का कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं, सर्चिंग के दौरान ही रेस्क्यू टीम को नदी में शव दिखाई दिया। जिसकी लगातार खोजबीन जारी थी। रेस्क्यू टीम ने शव को नदी के तेज बहाव को पार करते हुए मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और जिला पुलिस के सौंप दिया। पुलिस ने उक्त व्यक्ति की शिनाख्त मध्यप्रदेश निवासी बैजनाथ मिश्रा (69) के रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।





livecrimepatrol@gmail.com
क्राइम पेट्रोल
सोमवार 20 जून 2022, देहरादून।



# ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2023 तक बढ़ाई जाए

नगर संवाददाता



देहरादून। केन्द्रीय मंत्री से मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2023 तक बढ़ाये जाने का किया अनुरोध। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधीन व्यय होने वाली धनराशि की समय सीमा को भी सितम्बर, 2022 से मार्च 2023 तक बढ़ाये जाने का किया अनुरोध। मुख्यमंत्री ने राज्य की भौगोलिक परिस्थिति वाले सीमांत क्षेत्रों के कम आबादी वाले 150 से 250 की आबादी वाले गांवों को सड़क से जोड़ने के लिये मानकों में छूट दिये जाने की भी की अपेक्षा। मुख्यमंत्री ने पंचायत भवनों के निर्माण, पंचायतों के कम्प्यूटरीकरण एवं स्वच्छता के लिये भी अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराये जाने का किया अनुरोध। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित होने वाले भवनों के निर्माण में भी तेजी लाये जाने की भी की अपेक्षा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह ने भेंट की। उन्होंने ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं आवास से सम्बन्धित प्रदेश में संचालित विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विपरीत भौगोलिक परिस्थिति, पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बरसात, अत्यधिक ठंड तथा सड़कों के लिये वन एवं पर्यावरण से सम्बन्धित स्वीकृतियों आदि में समय लगने के कारण निर्माण कार्यों के लिये समय कम मिल पाता है, इसके लिये मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2023 तक बढ़ाये जाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधीन व्यय होने वाली धनराशि की समय सीमा को भी सितम्बर, 2022 से मार्च 2023 तक बढ़ाये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य की पर्वतीय भौगोलिक परिस्थिति वाले सीमांत क्षेत्रों के कम आबादी वाले 150 से 250 तक आबादी वाले गांवो को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधीन सड़क से जोड़ने के लिये मानकों में छूट दिये जाने का भी अनुरोध किया। अभी तक 250 से अधिक आबादी वाले गांवों को इसमें शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानकों में छूट दिये जाने से 250 से कम आबादी वाले गांवों को भी सड़कों से जोड़ने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पंचायत भवनों के निर्माण, कम्प्यूटरीकरण एवं स्वच्छता के लिये भी अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराये जाने का भी अनुरोध भी केन्द्रीय मंत्री से किया। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की गुणवत्ता एवं रखरखाव के साथ ही सड़कों के निर्माण में नई तकनीकि के उपयोग पर ध्यान देने की जरूरत बतायी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित होने वाले भवनों के निर्माण भी तेजी लाये जाने की अपेक्षा की। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री ने मनरेगा के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों में पारदर्शिता लाये जाने के लिये इसकी मॉनीटरिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिये नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही मोबाइल वाट्सएप्प ग्रुप बनाये जाने की व्यवस्था की जाय, इसमें ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड मेम्बर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सांसद एवं विधायकों को भी ग्रुप में जोड़े जाने की व्यवस्था रखी जाय ताकि इसके तहत होने वाले कार्यों में पारदर्शिता रहे तथा कार्यों में भी तेजी आ सकेगी। केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने मुख्यमंत्री को उनके द्वारा उठाये गये विषयों पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण में नई तकनीकि के उपयोग आदि में सहयोग के लिये राज्य के साथ टैक्नॉलाजी वर्कशाप के आयोजन की भी बात कही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्धन, सचिव नितेश झा, आर.मीनाक्षी सुन्दरम, संयुक्त सचिव पंचायती राज भारत सरकार प्रेम नागर, अपर सचिव एवं एम. डी. पेयजल एवं पीएमजीएसवाई उदय राज, निदेशक पंचायतीराज बंशीधर तिवारी आदि उपस्थित थे।

# महाराज ने ढोल दमाऊ के साथ किया केंद्रीय मंत्री का स्वागत

नगर संवाददाता



देहरादून। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह का उत्तराखंड पहुंचने पर प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर ढोल दमाऊ और सांस्कृतिक टीम के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को अपने तय कार्यक्रम के अनुसार उत्तराखंड स्थित जौली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान दिल्ली प्रवास पर गए प्रदेश के पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज एवं कैबिनेट मंत्री गणेश भी उनके साथ मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री के जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों की टीम ने ढोल दमाऊ, मसक बीन की प्रस्तुति से उनका जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ–साथ फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट और इंदिरा गांधी नेशनल फॉरेस्ट अकैडमी का भी भ्रमण किया। सोमवार को केंद्रीय पंचायती राज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री प्रातः 10 बजे से सर्वे ऑफ इंडिया के सभाकक्ष में राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास भूमि संसाधन के मंत्री गणों एवं अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व अन्य अधिकारियों के साथ सर्वे ऑफ इंडिया के सभाकक्ष में एक बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोट:- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।